दैनिक भास्कर
कांकेर 05-05-2026

जंगल, जन और जनविश्वास की जीत, महंती को खोज में सम्मान

भास्कर न्यूज | जगदलपुर

बस्तर की शांत वादियों से निकली एक मजबूत आवाज आज राज्य स्तर पर गूंज रही है। रायपुर में आयोजित खोज संस्था के 20 वें स्थापना दिवस समारोह में घाटकवाली की ग्राम सभा अध्यक्ष महंती को उनके जमीनी नेतृत्व और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस भरोसे, संघर्ष और बदलाव की पहचान है, जिसे उन्होंने अपने गांव के लोगों के साथ मिलकर साकार किया।

महंती की कहानी संघर्ष से शुरू होती है। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बीच उन्होंने अपने गांव की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी माना। उन्होंने सबसे पहले शिक्षा पर ध्यान दिया। घर-घर जाकर अभिभावकों को समझाया कि बच्चों की पढ़ाई ही भविष्य का रास्ता खोल सकती है। उनके प्रयासों से धीरे-धीरे गांव का माहौल बदला और स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ने लगी। लेकिन उनकी असली ताकत थी लोगों का विश्वास जीतना। सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों को लेकर उन्होंने गांव में जागरूकता की नई लहर पैदा की। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। आज घाटकवाली में लोग खुद अपने जंगलों की रक्षा करते हैं और संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करते हैं। यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। महंती ने सामाजिक समरसता को भी अपनी प्राथमिकता बनाया।

जगदलपुर। रायपुर में हुए कार्यक्रम में सम्मानित होती महंती।

ऐसे बना विवाद मुक्त गांव

महंती ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ गांव में संवाद की संस्कृति विकसित की। छोटे-बड़े विवादों को आपसी समझ से सुलझाने की पहल की, जिससे सामाजिक समरसता मजबूत हुई। आज घाटकवाली एक ऐसे गांव के रूप में उभर रहा है, जहां विकास, शांति और आपसी विश्वास साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।